कन्हौली-शेरपुर के बीच बनने वाले रिंग रोड के काम में आयेगी तेजी

- छह अधूरी सड़क परियोजनाओं का होगा साप्ताहिक निरीक्षण

संवाददाता, पटना

पटना रिंग रोड का हिस्सा कन्हौली-शेरपुर के बीच बनने वाली सड़क के निर्माण में तेजी आयेगी. इसके लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया चल रही है.राज्य में लंबे समय से अधूरी मुख्य सड़क परियोजनाओं का निर्माण अब तेज गति से पूरा होगा. इसके लिए पथ निर्माण विभाग ने सड़क परियोजनाओं के निर्माण की मॉनीटरिंग बेहतर किया है. अब मुख्य अभियंता को प्रत्येक सप्ताह निर्माण स्थल पर पहुंचकर वहां निरीक्षण करने और इसकी रिपोर्ट मुख्यालय को भेजने का निर्देश दिया है. ऐसे में अब मुख्य अभियंता निर्माण स्थल पर पहुंचकर यह जायजा लेंगे कि ठेकेदार ने काम की तेज गति से करने के लिए कितना मैन पावर और मशीन रखा है. निर्माण की प्रगति कैसी है. निर्माण सामग्रियों की गुणवत्ता की भी वे जांच करेंगे. हाल ही में पथ निर्माण विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल ने इस तरह की 21 बड़ी सड़क परियोजनाओं की समीक्षा की. करीब 600 किमी लंबाई में इन सभी की लागत करीब 20 हजार करोड़ रुपये है. इनमें करीब 218 किलोमीटर लंबाई 8134 करोड़ रुपये लागत की एनएच की छह परियोजनाएं शामिल हैं.

इन प्रमुख परियोजनाओं पर जल्द होगा काम शुरू

- पटना-आरा-सासाराम
- साहेबगंज-अरेराज-बेतिया
- एनएच-333ए मागोबंदर-केंदुआ-झाझा-नरगंजो-भौरोगंज बाइपास
- भागलपुर -ढाका मोड़
- अररिया-परसरमा
- पटना रिंग रोड (कन्हौली-शेरपुर)

203 एनएच की 8,065 किमी सड़क का तेजी से काम करने का निर्देश

- केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने आधुनिक निर्माण प्रणाली अपनाने के साथ तेजी से काम करने का अधिकारियों को दिया निर्देश

संवाददाता, पटना

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को नयी दिल्ली में बिहार में 203 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं में 8,065 किमी की निर्माण, गुणवत्ता और रखरखाव प्रगति की समीक्षा की. इस दौरान उन्होंने सड़कों का निर्माण मजबूत गुणवत्ता निगरानी और आधुनिक निर्माण प्रणाली को अपनाने के साथ-साथ जमीन पर तेजी से काम करने का संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया. इसका मकसद आम लोगों की यात्रा को आरामदायक बनाना है.

केंद्रीय मंत्री ने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया कि प्रभावी जल निकासी सिस्टम, ढलान सुरक्षा उपायों और मानसून से पहले की तैयारी करें. इससे आवागमन में सुविधा और सुरक्षा होगी. इस समीक्षा बैठक में केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा और एडी मल्होत्रा, एनएचएआइ सहित मंत्रालय के अधिकारी मौजूद रहे.